# Rapid Fire करेंट अफेयर्स (19 June)

drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-june-19

- रोज़गार पर सांख्यिकी मंत्रालय की ओर से जारी **आवधिक श्रमबल सर्वेक्षण रिपोर्ट 2017-18** के मुताबिक देश में आज़ादी के सात दशकों के बाद पहली बार नौकरियों में **शहरी महिलाओं** की हिस्सेदारी **पुरुषों** से अधिक हो गई है। शहरों में कुल 52.1% महिलाएँ और 45.7% पुरुष कामकाजी हैं। लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाएँ नौकरियों में अभी भी पुरुषों से पीछे हैं, हालाँकि पिछले छह वर्षों में उनकी हिस्सेदारी दोगुनी हुई है और यह 5.5% से 10.5% तक पहुँच गई है। शहरी कामकाजी महिलाओं में से 52.1% नौकरीपेशा, 34.7% स्वरोज़गार तथा 13.1% अस्थायी श्रमिक हैं। इससे पहले 2011-12 में हुए NSSO सर्वे में नौकरीपेशा महिलाओं का प्रतिशत 42.8 था और इतनी ही महिलाएँ स्वरोजगार में थीं तथा 14.3% अस्थायी श्रमिक थीं। लेकिन पिछले छह वर्षों में स्थिति बदली है और स्वरोज़गार एवं अस्थायी मजदूरों में महिलाओं की हिस्सेदारी घटी है, जबकि नौकरी में उनकी हिस्सेदारी करीब 10% बढ़ी है। महिलाओं के मुकाबले पुरुषों की भागीदारी बेहद धीमी गति से बढ़ी है। शहरी कामकाजी पुरुषों में 45.7% नौकरी, 39.2% स्वरोज़गार तथा 15.1% अस्थायी श्रमिक हैं। पिछले छह वर्षों में पुरुषों की हिस्सेदारी में केवल 2% की बढ़ोतरी हुई।
- **कृत्रिम बुद्धिमत्ता** (AI) में दुनिया का सबसे तेज सुपर कंप्यूटर **DGX-2** भारत में भी आ गया है। इसे IIT जोधपुर में एक विशेष प्रयोगशाला में लगाया गया है। इससे देश में AI प्रशिक्षण गतिविधियों को बल मिलेगा। **IIT जोधपुर** व अमेरिकी सुपर कंप्यूटर कंपनी **NVIDIA** के बीच AI क्षेत्र में अनुसंधान के लिये दो साल का समझौता हुआ है और यह कंप्यूटर उसी के तहत लाया गया है। लगभग 2.50 करोड़ रुपए की लागत वाले इस कंप्यूटर में 16 विशेष GPU कार्ड लगे हैं और प्रत्येक की क्षमता 32 GB है तथा इसकी रैम 512 GB है। आम कंप्यूटर की क्षमता केवल 150 से 200 वाट होती है, जबकि इस सुपर कंप्यूटर की क्षमता 10 किलोवॉट की है। हर कंप्यूटर प्रोग्राम डेटा विश्लेषण पर आधारित होता है और यह विश्लेषण इस सुपर कंप्यूटर में बहुत तेज़ी से होगा। कंप्यूटर में लगे 32 GB क्षमता (प्रत्येक) के 16 GPU कार्ड इसे क्षमता के लिहाज से विशिष्ट बना देते हैं। उल्लेखनीय है कि देश में इस समय IISC बेंगलुरु सहित कुछ संस्थानों में **DGX-1 सुपर कंप्यूटर है,** लेकिन DGX-2 सुपर कंप्यूटर पहली बार देश में आया है और इसकी क्षमता पहले वाले वर्जन से लगभग दोगुनी है। DGX-1 से जिस काम को करने में 15 दिन लगते हैं, उस काम को DGX-2 सिर्फ डेढ़ दिन में कर देगा। लगभग डेढ़ क्विंटल वज़नी इस कंप्यूटर की इंटर्नल स्टोरेज कैपेसिटी 30 TB है।

- उद्योग संगठन **एसोचैम और PWC** की एक अध्ययन रिपोर्ट के अनुसार देश में फिनटेक कंपनियों के तेज़ी से हो रहे विस्तार के बल पर वर्ष 2023 तक **डिजिटल भुगतान** दोगुना से अधिक बढ़कर 135.2 अरब डॉलर पर पहुँचने की संभावना है और **भारत** डिजिटल लेनदेन में बढोतरी के मामले में चीन तथा अमेरिका को पीछे छोड़ देगा। अभी भारत में 64.8 अरब डॉलर का डिजिटल लेनदेन होता है, जबकि चीन इस मामले में 1.56 लाख करोड़ डॉलर के साथ सबसे आगे है। भारत में वार्षिक 20% से अधिक की दर से बढ़ोतरी हो रही है, जबकि वर्ष 2019-23 की अवधि में चीन में डिजिटल लेनदेन में 18.5% और अमेरिका में 8.6% की वृद्धि होने का अनुमान है। वैश्विक स्तर पर डिजिटल लेनदेन मूल्य के मामले में अगले चार वर्षों में भारत की हिस्सेदारी वर्तमान के 1.56% से बढ़कर 2.02% हो जाएगी। रिपोर्ट के अनुसार, डिजिटल कॉमर्स में बढ़ोतरी, भुगतान प्रौद्यागिकी के क्षेत्र AI, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, रियल टाइम भुगतान और मोबाइल पॉइंट ऑफ सेल मशीनों के आने से डिजिटल लेनदेन की लागत में कमी आई है और इससे डिजिटल भुगतान को बढ़ाने में मदद मिली है। इसके अलावा नियामक पहल और गैर- बैंकिंग क्षेत्र के वॉलेट की सफलता से भी पिछले तीन वर्षों में **इलेक्ट्रॉनिक भुगतान** में तेज़ी आई है। टेलीकॉम कंपनियों, बैंकों, वॉलेट कंपनियों और ई-कॉमर्स रिटेलरों की वज़ह से देश में प्रतिस्पर्द्धी डिजिटल भुगतान में व्यापक बदलाव आया है। अभी देश में 50 ऐसी कंपनियाँ हैं जो डिजिटल भुगतान सेवा प्रदान कर रही हैं।
- दूरसंचार विभाग की निर्णय लेने वाली सर्वोच्च संस्था **डिजिटल कम्युनिकेशन कमीशन** (DCC) ने भारत में 5G परीक्षण के लिये नियमों को मंज़ूरी प्रदान कर दी है। दूरसंचार विभाग जल्द ही दूरसंचार कंपनियों को परीक्षण के लिये स्पेक्ट्रम आवंटन की शुरुआत करेगा तथा संभावना है कि टेलीकॉम कंपनियों को एक साल के लिये **5G परीक्षण** का लाइसेंस दिया जाएगा। इसके अलावा DCC ने स्पेक्ट्रम नीलामी को लेकर की गई सिफारिशों पर फिर से विचार करने के लिये उसे ट्राई के पास भेजने का फैसला किया है। स्पेक्ट्रम की प्रस्तावित कीमतों पर दूरसंचार उद्योग की चिंता के मद्देनज़र ऐसा किया गया है। सरकार के डिजिटल इंडिया तथा सभी के लिये ब्रॉडबैंड के लक्ष्य को ध्यान में रखकर ट्राई को अपनी सिफारिशों पर फिर से गौर करना चाहिये। दूरसंचार क्षेत्र में तेज़ी से हो रहे विलय को देखते हुए ट्राई को पर्याप्त प्रतिस्पर्द्धा भी सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखना चाहिये।
- **फिलिस्तीन** के राष्ट्रपति महमूद अब्बास ने भारत के नागरिक **शेख मोहम्मद मुनीर अंसारी** को **स्टार ऑफ यरुशलम** से सम्मानित किया है। यरुशलम के पुराने शहर में उनके परिवार की मौजूदगी भारतीय और फिलिस्तीनी लोगों के बीच मज़बूत पारंपरिक संबंधों को दर्शाती है। शेख अंसारी यहाँ **इंडियन हॉस्पिस** (भारतीय आश्रम) के निदेशक हैं, जो पिछले 800 वर्षों से भारत की विरासत और यरुशलम के पुराने शहर में उनकी मौजूदगी का प्रतीक है। आपको बता दें कि इंडियन हास्पिस में गंभीर बीमारियों से पीड़ित लोगों की देखरेख की जाती है। गौरतलब है कि शेख अंसारी को वर्ष 2011में भारत में भी **प्रवासी भारतीय सम्मान** प्रदान किया गया था, जो विदेश में रहने वाले भारतीयों को दिया जाने वाला सर्वोच्च सम्मान है। 'स्टार ऑफ यरुशलम' फिलिस्तीन सरकार द्वारा विदेशी नागरिकों को दिया जाने वाला सर्वोच्च सम्मान है।